भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1605

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

बिहार में ग्रीनफील्ड राजमार्गों का चार लेन वाले मार्ग के रूप में चौड़ीकरण

1605. श्री दिलेश्वर कामैत:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अंतर्गत प्रस्तावित सड़क निर्माण परियोजनाओं की संख्या कितनी है;

(ख) बिहार में परसरमा से अररिया तक ग्रीनफील्ड राजमार्ग के प्रस्तावित चार लेन वाले मार्ग के रूप में चौड़ीकरण की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) उक्त सड़क का निर्माण कब तक पूरा होने की संभावना है; और

(घ) क्या बिहार में परसरमा से अररिया तक प्रस्तावित चार लेन की ग्रीनफील्ड राजमार्ग परियोजना में कोई परिवर्तन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) चल रही 37 परियोजनाओं के अलावा, बिहार में कुल 9 नए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है।

(ख) से (घ) परसरमा से अररिया के बीच हरित राजमार्ग खंड के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) सौंप दी गई है। उक्त खंड के निर्माण के संबंध में निर्णय डीपीआर के परिणाम, मानदंडों की पूर्ति, संपकर्ता की आवश्यकता, परस्पर प्राथमिकता तथा पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिए जाते हैं।

*****